**दिनांक–26.02.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर, दरभंगा, छपरा, मोतिहारी, ढाका, हाजीपुर, सीतामढ़ी, बेतिया, सिवान एवं मधुबनी के साथ विभागीय कार्यों से संबंधित आदि हेतु आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–**

---

- विभागीय कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में कार्यावलीवार अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन (PPT) के साथ बैठक में भाग लेने का निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में संज्ञान में आया कि क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा समीक्षात्मक बैठक में कार्यावलीवार अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन (PPT) प्रस्तुत नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं अकर्मण्यता को दर्शाता है। इस संबंध में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः–अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव (मु0) के प्रावैद्यिक सचिव।**

**1. नए चापाकलों के निर्माण का कार्य/मरम्मति की समीक्षाः–**

- सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि अपने प्रमंडलों में चलंत चापाकल मरम्मति दल को जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित कर उनके द्वारा मरम्मति दलों को हरी झंडी दिखाकर समस्याग्रस्त प्रखंडों/पंचायतों में रवाना कराई जाय और इसका व्यापक प्रचार–प्रसार भी कराया जाय ताकि ग्रामीणों को मरम्मति दलों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि नए चापाकल के निर्माण का जियो टैगिंग करना सुनिश्चित करेंगे ताकि कार्य की पारदर्शिता बनी रहे।

**अनुपालनः–सभी कार्यपालक अभियंता।**

- सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया था कि गर्मी एवं सुखाड़ के दिनों को देखते हुए विभाग द्वारा नए चापाकल के निर्माण एवं मरम्मति हेतु आवंटन दिया जाता था, उसका अद्यतन प्रतिवेदन Google Doc पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे, परंतु समीक्षा के क्रम में संज्ञान में आया गया कि कतिपय प्रमंडलों द्वारा इस संबंध में कोई अद्यतन प्रतिवेदन Google Doc पर अपलोड नहीं किया गया। उन सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि अद्यतन प्रतिवेदन Google Doc पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः–सभी कार्यपालक अभियंता।**

- सभी प्रमंडलों को यह निदेश दिया गया कि जिन पंचायतों में टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की गई है, उन स्थानों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर नए चापाकलों के निर्माण का कार्य कराया जाय, जिससे पेयजलापूर्ति की समस्या उत्पन्न न हो एवं टैंकर से आपूर्ति की आवश्यकता नहीं रहे।

**अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 2. CGRC निष्पादनः—

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा, समस्तीपुर, छपरा, ढाका, मोतिहारी, वैशाली, सीतामढ़ी, बेतिया, सिवान एवं मधुबनी में 30 दिनों से अधिक 272, 263, 196, 164, 164, 118, 109, 107, 83 एवं 43 लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि कतिपय संवेदकों द्वारा शिकायतों का निष्पादन कराने में ज्यादा समय लिया जा रहा है एवं विभागीय समय सीमा के अन्दर नहीं कराया जा रहा है। साथ ही संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि एकरारनामा के अनुरूप Debar / Rescind / Blacklist करना सुनिश्चित करेंगे एवं कृत कार्रवाई से मुख्यालय को अवगत कराएंगे। जिन प्रमंडलों में 30 दिनों से अधिक लंबित शिकायत है उन शिकायतों का मुख्यालय स्तर से दल गठित कर स्थल जाँच करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः—मुख्य अभियंता (अनुश्रवण) / संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता।**

- विभाग द्वारा नियंत्रित जलापूर्ती योजनाओं; जिनमें पंप चालकों का भुगतान, बिजली बिल, विद्युत भुगतान एवं योजनाओं को क्रियाशील बनाए रखने में जिन संवेदकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उन पर एकरारनामा के अतंर्गत उचित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि पंप चालक का लंबित मानदेय भुगतान का जिला पदाधिकारी एवं DPRO के साथ समन्वय स्थापित कर भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता को निदेशित किया गया कि अपने क्षेत्रातंर्गत प्रमंडलवार पम्प ऑपरेटर मानदेय के लंबित भुगतान के जितने मामले हैं, उसकी एक सूची तैयार कर मुख्यालय को अविलंब उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः—सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- CGRCकी समीक्षा के क्रम में दरभंगा, प्रमंडल में 30 दिनों से उपर 272 शिकायते लंबित पाया गया। उक्त के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पुरानी पाईपलाइन तकनीकी रूप गलत बिछाई गई है जिसके कारण सभी पाइपों को पूरी तरह रिप्लेश करने की आवश्यकता है जिससे जलापूर्ति शत–प्रतिशत संभव होगी। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि काम को नए सिरे से करने के लिए प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे। साथ ही लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी 30 दिनों से उपर 109 शिकायते लंबित पाया गया। उक्त के संबंध में मुख्य अभियंता, अनुश्रवण को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा एवं सीतामढ़ी का स्थल जाँच करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः— मुख्य अभियंता, अनुश्रवण / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, ढाका द्वारा बताया गया कि 30 दिन उपर 163 लंबित शिकायत में कई योजना छूटा हुआ टोला, नया कनेक्शन देने, पाइपलाइन बिछाने की आवश्यकता एवं विभाग द्वारा नियंत्रित जलापूर्ती योजनाओं; जिनमें पंप चालकों का भुगतान, बिजली बिल, विद्युत भुगतान से संबंधित समस्याओं के कारण

जलापूर्ति बाधित हैं। उक्त के संबंध में मुख्य अभियंता, यांत्रिक को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, ढाका एवं वैशाली का स्थल जाँच करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः– मुख्य अभियंता, यांत्रिक/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

**3. O&M खत्म हुये योजनाओं की सूची एवं संवेदक को समयवृद्धी हेतु कार्यादेशः–**

- सभी प्रमंडलों को कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया जिन योजनाओं में O&M अवधि समाप्त हो चुकी हैं या होने वाला है जब तक नये संवेदकों/एजेंसियों निविदा में नहीं आ जाते तब तक पूर्व के संवेदकों/एजेंसियों को समयवृद्धि विस्तार हेतु पत्र निर्गत कर जलापूर्ति योजनाओं की क्रियाशीलता को सुचारू रखेंगे। साथ ही O&M अवधि समाप्त हुये योजनाओं की सूची मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अनुपालन ससमय करने हेतु सभी उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेश दी गई।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

24/03/26

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांकः– 14/बैठक–104/25-300 दिनांक– 10/4/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार/सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवंआवश्यक कार्रवाईहेतुप्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक–104/25-300 दिनांक– 10/4/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आई0 टी0 मैनेजर/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

30

ज्ञापांकः— 14/बैठक-104/25-300 दिनांक— 10/4/26

प्रतिलिपिः—सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/बैठक-104/25-300 दिनांक— 10/4/26

प्रतिलिपिः—माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)